एक नजर में

बाल विवाह रोकथाम : उड़नदस्ता गठित

उज्जैन। बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है इसके लिए संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवश्यक दिशा -निर्देश जारी किये गये है। जिले में देव उठनी एकादशी पर बड़ी संख्या में विवाह होते है, जिनमें बाल विवाह होने की संभावना भी होती है। जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह को रोकने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। बाल विवाह रोकथाम के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कंट्रोल रूम एवं सूचना दल का गठन किया गया है।इसके साथ ही शहरी वार्ड, ग्राम पंचायत स्तर पर सेवाप्रदाताओं, धर्मगुरुओं एवं स्कूली बच्चों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलायी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ब्रजेश त्रिपाठी ने जानकारी दी कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। बाल विवाह की सूचना दूरभाष नम्बर 94254-43170 पर अथवा चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर दी जा सकती है। बाल विवाह की प्राप्त सूचना को तत्काल संबंधित क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित करेंगे।

हितग्राहियों को लाभ वितरण

उज्जैन। पीएम आवास मेला (शहरी) अंगीकार अभियान 2025 अंतर्गत गुरुवार को देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम से संबंधित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभ वितरण किया गया। आवास मेला अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पात्र हितग्राहियों को पहली किस्त की स्वीकृत राशि 01 लाख के स्वीकृति पत्र एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 15000, 25000 एवं 50000 की राशि के चेक हितग्राहियों को वितरण किया गया। साथ ही मेले में स्टॉल के माध्यम से आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना एवं अन्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी हितग्राहियों को दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, कार्यपालन यंत्री पीसी यादव, उपयंत्री शिवम गुप्ता, अरुण कुमार शर्मा, डॉ. उपेंद्र सिंह पंवार, ओम प्रकाश बरुआ उपस्थित रहे।

महिला विंग ने की सामूहिक प्रभु भक्ति

उज्जैन। जीवनदीप महिला विंग द्वारा बड़नगर रोड़ स्थित जैन तीर्थ अभ्युदयपुरम पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जैन तीर्थ में दर्शन के साथ ही महिलाओं द्वारा सामूहिक प्रभु भक्ति की गई तथा धार्मिक मनोरंजक गेम खेला गया। आने वाले नए चिकित्सा प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर श्वेता चोपड़ा, प्रफुल्ल गादिया, चेतना घिया, कांता बाठिया, पूर्णिमा हरकावत, उषा मूथा, संगीता गादिया, रश्मी गादिया, नीतू गादिया, मंजूला भाटिया, सुधा गुप्ता, इंदू सिलवाडिया, अमृता जैन, आभा छाजेड़, वंदना चोपड़ा, कुसुम जैन, मोनिका चेलावत सुलोचना कोठारी, नीता जैन आदि मौजूद थी।

नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण हटाया

उज्जैन। गुरुवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग ने शहर के विभिन्न मार्गों एवं चौराहों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जिसके क्रम में कार्तिक मेला क्षेत्र, पशु मेला क्षेत्र, काल भैरव मंदिर, महाकाल मंदिर, माधव सेवा न्यास, बिडला हॉस्पिटल चौराहा इत्यादि क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण जिसमें हाथ ठेले, गुमटियों हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर गैंग प्रभारी मनीष बाली, मोनू थनवार द्वारा संपादित की गई।

46 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

उज्जैन। वार्ड 45 नारायणपुरा में क्षेत्र के नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा महापौर मद की 46 लाख रुपए की लागत से जी प्लस वन सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। उक्त कार्य का निरीक्षण गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों एवं क्षेत्रीय रहवासियों की उपस्थिति में किया। सामुदायिक भवन के लिए टैंडर प्रक्रिया भी की जा चुकी है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा ताकि क्षेत्र के नागरिकों को सामुदायिक भवन की सौगात मिल सके। महापौर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाते हुए उच्च गुणवत्ता पूर्वक एवं समय सीमा में हो इस बात का ध्यान रखा जाए। निरीक्षण में उपयंत्री मुकुल मेश्राम उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस आज मनाया जाएगा

उज्जैन। एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस शुक्रवार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली जाएगी। शपथ कार्यक्रम के पश्चात रन फॉर यूनिटी का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजन की सहभागिता से किया जाएगा। इसी दिन समस्त पुलिस स्टेशनों में शुभारंभ समारोह, एकता शपथ गृहण समारोह, स्कूलों व पुलिस स्टेशनों में सरदार पटेल की फोटो प्रदर्शनी, एकता वृक्षारोपण का आयोजन भी किया जाएगा। इस आशय के निर्देश शासन द्वारा जारी कर दिए गए है। शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर यह शपथ भी ली जाएगी कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा।

नर्सिंग ऑफिसर एसोशियेशन में खुशी की लहर

उज्जैन। 6 दिन के वेतन मिलने से नर्सिंग ऑफिसर एसोशियेशन में खुशी की लहर है एसोशियेशन ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। एसोशियेशन की जिला अध्यक्ष संगीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्सिंग आफिसर द्वारा प्रदेशाध्यक्ष रमेश कुमार जाट के नेतृत्व में अपनी लंबित मांगों को लेकर की गई जुलाई 2023 हड़ताल को अनुचित बता कर 6 दिन का वेतन काट कर कार्रवाई की गई थी। शासन प्रसाशन द्वारा 6 दिन के कटे हुए वेतन को वापस से देने का निर्णय लिया है इसके आदेश भी हो चुके हैं। इसके लिए हम समस्त नर्सिंग आफिसर मुख्यमंत्री मोहन यादव जी, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आभार व्यक्त करते हैं।

कालिदास समारोह का कल होगा भव्य शुभारंभ, आज निकलेगी कलश यात्रा

गुरुवार को संस्कृत प्रदर्शनी का अतिथियों ने किया शुभारंभ, 1 नवंबर से 7 नवंबर तक चलेगा अकादमी में समारोह, वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार

उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी समेत अन्य अतिथियों द्वारा कल कालिदास समारोह का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। आज कलश यात्रा निकलेगी। वैसे यह आयोजन पिछले दो दिनों से अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से चल रहा है।

परम्परानुसार इस वर्ष भी कालिदास अकादमी, मप्र संस्कृत परिषद्, मध्यप्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह, 2025 का आयोजन 30 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक उज्जैन में होने जा रहा है। अपने 67वें वर्ष में यह समारोह अनेक नवाचारों, लोकप्रिय आकर्षणों एवं परम्परा के अनुसार नई पीढ़ी की सहभागिता के साथ सम्पन्न होने जा रहा है।

2 नवम्बर, 2025 के आयोजन -प्रात: 9 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी का शुभारंभ होगा। सायं 5 बजे व्याख्यान माला संस्कृत चिन्तक कालिदास विषय पर प्रो. प्रगाग नारायण मिश्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक महेश काळे की प्रस्तुति होगी।

3 नवम्बर, 2025 के आयोजन-प्रात: 9 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी होगा। सायं 5 बजे व्याख्यान कालिदास का परिवार चिन्तन विषय पर प्रो. राजेश्वर मिश्र, वरिष्ठ संस्कृत विद्वान, कुरुक्षेत्र मुख्य वक्ता के रुप में व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक सत्र में अनन्या गौड (बैंगलोर) शास्त्रीय नृत्य कथक, शास्त्रीय नृत्य नाटिका शकुंतला-अमिता खरे, भोपाल एवं शास्त्रीय नृत्य नाटिका ऋतुसंहार-कलाकार सांस्कृतिक समिति, उज्जैन की प्रस्तुति होगी।

4 नवम्बर, 2025 के आयोजन -प्रात: 9 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी होगी। सांय 5 बजे व्याख्यान कालिदास का स्वात्म गौरव विषय पर प्रो. सनन्दन त्रिपाठी, नई दिल्ली मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान देंगे। सांस्कृतिक सत्र में हिन्दी नाटक श्रीकृष्ण उज्जैन-श्री विशाला सांस्कृतिक लोकहित समिति, उज्जैन की प्रस्तुति होगी।

5 नवम्बर, 2025 के आयोजन -प्रात: 9 बजे सारस्वत आयोजन की श्रृंखला के अन्तर्गत ऑपरेशन सिन्दूर के आलोक में कालिदास विषय पर कविसमवाय होगा। सांस्कृतिक सत्र में संस्कृत नाटक शिवभाणकम् निर्देशन पियाल भट्टाचार्य, कोलकाता की प्रस्तुति होगी।

6 नवम्बर, 2025 के आयोजन -सांस्कृतिक सत्र में शास्त्रीय वादन पंचनाद-श्रुति अधिकारी, भोपाल एवं शास्त्रीय वादन वायोलिन-दुर्गा शर्मा, बैंगलोर की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर, 2025 को क्षेत्रीय बोली, भाषा का कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

7 नवम्बर, 2025 को समापन -सांस्कृतिक सत्र में शास्त्रीय गायन-दिव्या शर्मा जांगीड़, मुरैना एवं लोकगायन प्रेमसिंह देपालपुरिया, सांरगपुर की प्रस्तुति होगी। समारोह का समापन एवं पुरस्कार वितरण प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। प्रात: कालीन सभा में भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

निदेशक से खास बातचीत-आज निकलेगी कलश यात्रा

नवभारत को उक्त जानकारी देते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि देवप्रबोधनी एकादशी अर्थात 01 नवम्बर से पूर्व 30-31 अक्टूबर, 2025 पूर्वरंग सम्पन्न होगा। पूर्वरंग के अन्तर्गत 30 अक्टूबर 2025 को हुआ, मां गढ़कालिका पर वागर्चन में शहर के विद्यालय, महाविद्यालय तथा गुरुकुल के 1100 बटुकों, छात्र-छात्राओं के द्वारा श्यामलादंडकम् एवं देवी स्तुति की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर नृत्याराधना नृत्य मंदिर संस्थान, उज्जैन द्वारा देवी स्तुति में नृत्य आराधना भी रखी गई। 31 अक्टूबर, 2025 को पारम्परिक कलश यात्रा का आयोजन होगा। रामघाट पर तीर्थ पूजन तथा महाकाल के आशीर्वाद के पश्चात विभिन्न मार्गों से यात्रा निकलगी। अकादमी परिसर में कालिदास प्रतिमा पर ही कलश की स्थापना होगी। उज्जैन में यह समारोह 1 से 7 नवम्बर तक आयोजित होने जा रहा है। 67वां अखिल भारतीय कालिदास समारोह शुभारंभ प्रात : 10 बजे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं कला-साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। सायंकाल भक्ति संगीत के कार्यक्रम में सुगम एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका सूर्यागायत्री, कालीकट (केरल) की सुगम एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी।

एजेंसी पर काम करने वाले युवक मालिक के 9 लाख लेकर भागे

बैंक में जमा करने के लिए दिए थे, वापस लौटने पर मिले लापता

उज्जैन। बैंक में जमा करने के लिये दिये 9 लाख रुपए लेकर गैस एजेंसी पर काम करने वाले जीजा-साले भाग निकले। दोनों एजेंसी की बाइक भी लेकर गये हैं। संचालक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर एक टीम राजस्थान रवाना की है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि अलकापुरी में रहने वाले प्रकाश पिता रामेश्वर गर्ग 53 साल सेठीनगर में भारत गैस एजेंसी का संचालन करते हैं। मंगलवार दोपहर काम करने वाले कर्मचारी जीजा-साले रणवीर उर्फ घमुराम और अनिल के साथ फ्रीगंज स्थित एके बिल्डिंग चौराहा पर फैडरल बैंक रुपए जमा करने पहुंचे थे। लंच टाइम होने और प्रकाश गर्ग दोनों को 9 लाख रुपए जमा करने के लिये देकर अपनी कार से निकल गये। उन्हें बाहर जाना था, लंच टाइम खत्म होने के एक घंटे बाद तक रुपए जमा होने का मैसेज मोबाइल पर नहीं आया तो प्रकाश गर्ग ने कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया। दोनों के मोबाइल स्वीच ऑफ होना सामने आये। वह आधे रास्ते से वापस एजेंसी लौटे, जहां दोनों कर्मचारी नहीं थे। दोनों को एजेंसी से दी गई बाइक भी गायब थी। देर शाम तक दोनों का पता नहीं चलने पर रात में माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत की गई।

थाना प्रभारी के अनुसार मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (4) का प्रकरण दर्ज कर कर जांच में लिया गया है। दोनों जीजा-साले राजस्थान के रहने वाले हैं। जिनकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों गैस एजेंसी पर सालभर से काम कर रहे थे। प्रकाश गर्ग ने राजस्थान के होने पर उन्हें रहने के लिये एजेंसी के ऊपर ही कमरा दिया था। दोनों साथ में रहते थे। सालभर में दोनों ने विश्वास बना लिया था। मोबाइल स्वीच ऑफ होने पर लौटे प्रकाश गर्ग ने उन्हे कमरे में जाकर देखा, जहां दरवाजा खुला था और दोनों नहीं थे। उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की, लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

उज्जैन। नाबालिग को घर में अकेला पाकर चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 17 माह बाद न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि माकड़ोन थाना पुलिस ने कस्बे में रहने वाली नाबालिग की शिकायत पर मुकेश पिता तेजूलाल प्रजापत निवासी ढाबला हर्दू के खिलाफ मामला दर्ज किया था। नाबालिग ने बताया था कि घटना वाले दिन मम्मी मेहमानी में बाहर गई थी, पापा कुएं पर थे। वहीं दोनों भाई भी बाहर गये थे। उसी दौरान मुकेश घर में घुस गया था, उसने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए गलत काम किया। भाई के आने पर मुकेश भाग निकला था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां 17 माह तक चली सुनवाई के बाद तहसील तराना की अपर सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने फैसला सुनाते हुए आरोपी मुकेश को 20 साल की सजा के साथ 11 हजार अर्थदंड के साथ दंडित किया है। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर के द्वारा माकड़ोन थाना प्रभारी को विधिक परामर्श और साक्ष्य संकलन का मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं मामले में पैरवीकर्ता शिरीष उपासनी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया।

निगम आयुक्त ने किया अटल अनुभूति उद्यान एवं मयूर पार्क का निरीक्षण

उज्जैन। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कोठी रोड स्थित अटल अनुभूति उद्यान एवं मयूर पार्क का निरीक्षण उद्यान विभाग के अधिकारी के साथ किया गया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान अटल अनुभूति उद्यान एवं मयूर पार्क में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। शाम के समय उक्त दोनों उद्यानों में शहरवासियों का आगमन होता है। इसलिए उद्यानों में लगी स्ट्रीट लाइटों का संधारण किया जाए, ताकि प्रकाश व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रहे साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए जो खेल उपकरण, झूले इत्यादि लगे हैं उनका भी संधारण एवं जांच की जाए। अटल पार्क में स्थित नक्षत्र वाटिका में जो विशेष पौधे लगे हैं उन पर लगी नाम पट्टिकाएं नई लगाई जाएं ताकि पौधों की जानकारी उद्यानों में आने वाले नागरिकों को मिल सके। निरीक्षण के दौरान उद्यान अधिकारी मनोज राजवानी उपस्थित रहे।

रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग प्रशिक्षण सत्र का समापन

उज्जैन। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा जिले के अग्रणी बैंक -बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान उज्जैन में विगत एक माह से चल रहे रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग के प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला परियोजना प्रबंधक अमित ब्रजवानी तथा जिला प्रबंधक (प्रशिक्षण) छाया भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों से विस्तार से चर्चा की तथा उनका मार्गदर्शन किया। व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए विभिन्न बैंकों से वित्तीय सहायता हेतु उन्हें आश्वस्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उनका कोल्ड स्टोर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण भी करवाया गया। अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रशिक्षण के दौरान ही कुछ प्रशिक्षणार्थियों के काम की शुरुआत भी हो गई। समापन कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सक्सेना द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरन्तर संपर्क में रहने को कहा। यह प्रशिक्षण गाजियाबाद के प्रशिक्षक राम संजीवन चौहान द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

बलेड़ी में तलवार दिखाकर धमका रहा था, पुलिस ने पकड़ा

उज्जैन। ग्राम बलेड़ी में एक बदमाश तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। इंगोरिया थाना पुलिस को खबर मिली तो प्रधान आरक्षक मुकेश मीणा, अशोक कटारा और आरक्षक संदीप बामनिया बदमाश को पकड़ने पहुंचे। बदमाश पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। तीनों पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी की और रूद्रास रेसीडेंसी के पास से उसे हिरासत में लेकर तलवार जब्त की।

बदमाश को थाने लाने पर पूछताछ में उसका नाम जीवन पिता रूगनाथ भील 35 साल निवासी ग्राम दंगवाड़ा सामने आया। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। दोपहर में उसे न्यायालय पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी 2 अपराध दर्ज हैं। अवैध हथियार के मामले में तराना पुलिस ने भी 2 बदमाशों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुर्ता-पजामा पहने एक व्यक्ति बाइक से आ रहा है। जिसके पास धारदार चाकू है। पुलिस ने घेराबंदी कर दिलोद्री-करंज मार्ग से उसे पकड़ा। बदमाश कालूसिंह पिता बापूलाल निवासी ग्राम दिलोद्री था। उसके पास से चाकू बरामद किया गया। इसी प्रकार तराना बस स्टेंड प्रतिक्षालय के पास से ओम पिता सिद्धनाथ गेहलोत निवासी खेड़ी मोहल्ला फतेहगली को पकड़ा। उसके पास से भी चाकू बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

किराए से रहने वाले व्यक्ति ने लगाई फांसी

उज्जैन। 7 सालों से परिवार से अलग रहकर किराए के मकान में रह रहे व्यक्ति ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक ने उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया मोहन नगर में किराए से रहने वाले मेहरबान पिता करण सिंह हीरावत 50 साल द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नहीं मिला। मकान मालिक ने बताया कि 7 सालों से अकेला रहकर निजी कंपनी में काम कर रहा था। कभी-कभी अपने परिवार से मिलने का जाता था। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। आशंका जताई जा रही है की एकांकी जीवन के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा। विदित हो कि शहर में आत्महत्या के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं।

रोजगार मेला 12 को

उज्जैन। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय एवं कालिदास कन्या महाविद्यालय द्वारा युवा संगम का आयोजन 12 नवम्बर, बुधवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थान: कालिदास कन्या महाविद्यालय देवास गेट बस स्टेड के सामने, उज्जैन में किया जाएगा। जिसमें विभिन्न टी.एस.सी.एफ.एम. सेज फाउंडेशन इन्दौर, आईसेक्ट लिमिटेड, शिव एंटरप्राइज अहमदबाद, शुभकल्प प्राइवेट लिमिटेड इन्दौर, एमेजोन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रा.लि.उज्जैन, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, सिटाडेल आईएसडब्ल्यूएम प्रोजेक्ट सिंगरौली प्राइवेट लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन, सुपरवाइजर डाटा इन्ट्री ऑपरेटर सेल्स मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव मशीन वर्कर, ऑपरेटर, इंश्योरेन्स एंडवाइजर आदि पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी।

देव उठनी ग्यारस शादियों के लिए शुभ घड़ी आई, 2026 में देव शयनी तक मंगल कार्य

कल एकादशी से जागेंगे देव, मांगलिक व विवाह के लिए 31 मुहूर्त

नवभारत न्यूज

उज्जैन। कार्तिक शुक्ल की एकादशी पर कल यानी 1 नवंबर से देव जागेंगे। इसलिए इसे देवउठनी एकादशी कहते हैं। इस दिन अबूझ मुहूर्त के साथ विवाह की शुरुआत होगी।

इस साल लग्न के लिए 31 दिन शुभ व श्रेष्ठ मुहूर्त आएंगे जिनमें शादियां की जा सकेंगी। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि इस साल 2025 के नवंबर से 2026 की जुलाई तक यानी देव शयनी एकादशी तक विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवित जैसे अनेक शुभ व मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त आएंगे। बीच में दो बार खरमास और एक अधिक मास भी रहेगा। इनकी वजह से इस साल मुहूर्त की संख्या कम हो गई है। मांगलिक कार्यों के लिए अभी से धर्मशाला और गार्डन आदि की बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है और खरीदारी भी की जा चुकी है। सभी अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं।

31 मुहूर्त, तुलसी शालिग्राम विवाह भी होंगे

2025 के नवंबर में 16, 22, 23, 25, 30, दिसंबर में 5,6, 2026 की फरवरी में 4, 5, 10, 20, मार्च में 9, 11, 12, 14, अप्रैल में 20, 21, 26, मई में 5, 6, 7, 8, 14, 19, जून में 19, 20, 22, 23, 26, 27, 29 तारीख को मुहूर्त है। देव उठनी एकादशी पर जहां अबूझ मुहूर्त में लोगों के विवाह संपन्न होंगे। वहीं मदिरों व प्रमुख आश्रमों के साथ घरों में भी श्रद्धालु तुलसी व भगवान शालिग्राम के विवाह की रस्म करेंगे। विदित हो कि इसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

कुमावत समाज का तुलसी विवाह 1 को, दूसरे दिन लगेगा अन्नकूट

क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज द्वारा अवन्तिपुरा उज्जैन में स्थित श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण में तुलसी विवाह का आयोजन देव प्रबोधनी एकादशी पर 1 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव होगा। यह जानकारी देते हुए समाज के उपाध्यक्ष चिंतामन पूछेरिया एवं सहसचिव बाबू अजमेरा ने संयुक्त रूप से बताया कि महोत्सव के दौरान भगवान का पूजन-अर्चन कर विशेष शृंगार किया जाएगा। तुलसी विवाह के आयोजन में 10 जोड़ों के द्वारा सामूहिक रूप से पूजन किया जाएगा। विवाह उत्सव के दौरान भगवान कि बारात भी बैंड, ढोल, बग्घी के साथ निकाली जाएगी। अगले दिन 2 नवंबर को भगवान की आरती-पूजा कर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 56 पकवानों का भोग लगाया जाएगा। इस दौरान भजन संध्या भी होगी।